संक्षिप्त समाचार

विभागीय जांच के बीच उनियारा के तत्कालीन एएसआई रतनलाल मीणा निलंबित

15 दिन पहले किया था लाइन हाजिर, साईबर ठगों से निकटता एवं अवैध खनन से जुड़े आरोप चचाओं में

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनियारा थाने के तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक एवं वर्तमान में पुलिस लाइन टोंक में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रतनलाल मीणा को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश में एएसआई रतनलाल के विरुद्ध विभागीय जांच प्रस्तावित होने का उल्लेख किया गया है। आदेश में निलंबन अवधि में इनको निर्वाह भत्ता के रूप में राजस्थान सेवा नियम-53-1 के प्रावधानानुसार वेतन का 1/2 भाग देय होगा। तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय पुलिस उप अधीक्षक वृत-मालपुरा रहेगा। उल्लेखनीय रहे कि विगत दिनो उक्त एएसआई द्वारा बजरी ट्रैक्टर का पीछा करने के दौरान सामने से आ रही बाइक पर सवार बाजोलिया निवासी महिला की मौत के बाद हुये विरोध प्रदर्शन, साइबर ठगो से मिलीभगत और बजरी कारोबारी लोगो से संप्लिपत से जुड़े आरोप के कारण भी रतनलाल मीणा चचाओं में थे। बरहहाल इन आरोपों को लेकर विभागीय जांच फिलहाल जारी है।

श्रीजी भंडारे का शुभारंभ हुआ

सीमा सन्देश संवाददाता

मालपुरा। श्रीजी भंडारा परिवार समिति के तत्वावधान में बुधवार को बजरी नाका जयपुर रोड डिग्गी पर 18वें विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। समिति के पुखराज सोनी ने बताया की गोविंद शर्मा(सोडा) ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ 18वें विशाल भंडारे का शुभारंभ किया। यह भंडारा 21 अगस्त तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित रहेगा।

वाद विवाद प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

मालपुरा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टोंक के निदेशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत बुधवार राजकीय महाविद्यालय मालपुरा में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम प्रभारी भरत गोपाल शर्मा ACBEO-II ने चुनाव प्रक्रिया व चुनाव संबंधी विस्तृत चर्चा की। इस दौरान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्याम सुन्दर पारीक, असि. प्रोफेसर बुद्धिप्रकाश जांगिड तथा कृष्ण गोपाल धाकड उपस्थित रहे। स्वीप कार्यक्रम के सहप्रभारी बाबूलाल यादव ब्लॉक कॉर्डिनेटर साक्षरता मालपुरा ने जानकारी प्रदान की।

छात्राओं को चुनाव, मतदान का महत्व बताया

राजकीय गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत महिला चौपाल हुई

सीमा सन्देश संवाददाता

ब्यावर। श्री बृज मोहनलाल शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत महिला चौपाल हुई। प्रभारी डॉ. सुनीता अवस्थी ने बताया कि चौपाल में सभी छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ. प्रीति लखन रहीं। उन्होंने छात्राओं को चुनाव, मतदान का महत्व बताया। वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया समझाई। मताधिकार का स्वतंत्र, निर्भीक रूप से उपयोग करने पर बात रखी। उन्होंने कहा कि देश का युवा अनिवार्य रूप से वोट करे तो लोकतंत्र मजबूत बनेगा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। संचालन डॉ. यशपाल सिंह राठौड़ ने किया। संकाय सदस्य, सह प्रभारी प्रो. माणकराम सिंगारिया, डॉ. निशा बंसल, डॉ. विभोर झा, डॉ. शालिनी आशीष, डॉ. धर्मेंद्र कुमार मेघवंशी, डॉ. प्रीति आदिवाल, भूतपूर्व सैनिक सलीम मौजूद थे।

सरकारी केंद्रों में जिस खाद किल्लत, वही खाद निजी डीलरों के पास मौजूद

जिले में खाद की किल्लत से परेशान धरती पुत्र, लाइन में घण्टों लगने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रही खाद

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। जिले में खाद की किल्लत से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि खाद के लिए अन्नदाता को सडकों के ऊपर रात-दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा ही वाकया बुधवार को टोंक मुख्यालय के देवली रोड इफको बाजार के बाहर दिखाई दिया। जहां तडके के चार बजे से ही खाद लेने के लिए किसानों की लंबी-लंबी लाइने लगी हुई थी। इतना ही नहीं, अपना खेती बाड़ी एवं घर का सारा कामकाज छोड़ करके महिलाओं को भी खाद के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ा। यह नजारा सिर्फ सुबह तक ही खत्म नहीं हुआ बल्कि आकाश में सूर्य के निकल जाने के बाद तेज तपन एवं उमस होने के बाद तक बड़ी संख्या में महिलाएं लाइनों में खड़ी थी।

कृषि विभाग की बदइंतजामी से किसानों में भारी नाराजगी देखी गई। एक तरफ तो सहकारी केंद्रों में खाद की किल्लत बनी हुई है वहीं दूसरी तरफ खुले बाजार में भी किसानो को खाद नहीं मिल पा रही। ऐसे हालातों में किसान खुले आम खाद नहीं मिलने से कालेबाजारी का आरोप लगा रहे है। किसानो का कहना है कि

खरीफ और रबी की फसलों के इस महत्वपूर्ण सीजन में उन्हें खेतों में होना चाहिए था, लेकिन खाद की किल्लत के कारण उनको भूखे प्यासे लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। किसानों का सीधा आरोप है कि कृषि विभाग के पास वितरण का कोई सही खाका ही नहीं है। उनका कहना है कि, सरकारी केंद्रों में जिस खाद की भारी किल्लत बताई जा रही है, वही खाद निजी डीलरों के पास ज्यादा रेट में बड़ी आसानी से मिल जाती है। मजबूरन किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए ब्लैक में महंगे दामों में खाद खरीदनी पड़ रही है।

निर्वाचन आयोग की ओर से निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी, जिले में 2 चरणों में होंगे चुनाव

भाजपा, कांगेस में पार्षद का टिकट चाहने वाले दावेदारों की दौड़ शुरू

पहले फेज में निवाई, देवली, पीपलू, उनियारा व दूनी, दूसरे में नगर परिषद टोंक सहित मालपुरा, टोडा, डिग्गी और लांबाहरिसिंह

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव ने निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया है। जिले में एक नगर परिषद तथा ९ निकाय है, जिनके दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले फेज की वोटिंग 9 सितंबर को नगर पालिका निवाई, पीपलू, देवली, उनियारा और दूनी जबकि द्वितीय चरण में 11 सितंबर को नगर परिषद टोंक, नगर पालिका मालपुरा, टोडारायसिंह, डिग्गी और लांबाहरिसिंह में मतदान कराया जायेगा। वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम 14 सितंबर को आएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 27 अगस्त को निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन शुरू हो जाएंगे। 3 सितंबर तक नाम वापसी होगी। निकाय प्रमुखों का चुनाव 21 सितंबर को होगा, जबकि उपाध्यक्ष का चुनाव 22 सितंबर को होगा।

निकाय चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जहा टिकट के दावेदारो की दौड-धूप तेज हो गई है वही शहरी निकायों में तत्काल प्रभाव से आचार संहिता भी लागू हो गई। निकाय चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने तक आचार संहिता लागू रहेगी। इस दौरान शहरी क्षेत्र में तबादला, डेपुटेशन पर प्रतिबंध के साथ ही मंत्री सरकारी गाडी का प्रचार में प्रयोग नही कर सकेंगे, और ना ही कोई लोक-लुभावन घोषणा कर पायेंगे। वही प्रत्याशी जो चुनाव लड रहे है, उन्हे होर्डिंगस, कट आउट, बैनर आदि के लिए भी पूर्व अनुमति लेनी होगी।

गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर रविवार को होगा साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन

पावटा (सीमा सन्देश संवाददाता)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान की जिला इकाई कोटपूतली-बहेरोड़ के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में 23 अगस्त (रविवार) को साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11:00 बजे आदर्श विद्या मंदिर, पावटा में होगा। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों तथा समाज में साहित्य की भूमिका पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में जिले के साहित्यकार, कवि, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं साहित्य प्रेमी भाग लेंगे तथा तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों एवं आमजन से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

खेल छात्रावासों के नामांकरण को लेकर वरिष्ठ नागरिक मंच ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। राज्य के संभाग मुख्यालयों पर बन रहे खेल छात्रवासों का नामकरण राजस्थान के खिलाड़ियों के नाम पर किए जाने की मांग कर बुधवार को वरिष्ठ नागरिक मंच मालपुरा ने अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेंद्र कुमार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा बजट सत्र 2023-24 में प्रत्येक संभाग पर खेल छात्रावास बनाए जाने की घोषणा की गई थी। इन खेल छात्रावासों का नामकरण सलीम दुरानी खेल छात्रावास किए जाने की घोषणा भी तत्कालीन सरकार द्वारा की गई थी। सरकार की घोषणा के अनुसार संभाग मुख्यालयों पर खेल छात्रावासों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। निकट भविष्य में इन छात्रावासों का उद्घाटन भी किया जाना है। अफगानिस्तान में जन्मे सलीम दुरानी अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। किन्तु राजस्थान स्थित खेल परिसर का नामकरण राजस्थान के प्रतिष्ठित खिलाडियों के नाम पर ही होना चाहिए। ऐसी मांग के पीछे न तो किसी व्यक्ति का विरोध है न विचार का। अपितु इतना आग्रह अवश्य है कि राजस्थान मान-सम्मान और पहचान राजस्थान के खिलाड़ियों को मिलनी चाहिए। राजस्थान के खिलाड़ियों के नाम पर छात्रावासों का नामकरण होने से नवी पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी तथा प्रतिष्ठित खिलाड़ियों को सम्मान और पहचान मिलेगी। मंच ने संभाग मुख्यालयों पर नवनिर्मित खेल छात्रावासों का नामकरण राजस्थान के प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के नाम ही किया जाने का आग्रह किया। इस दौरान गोविन्द नारायण विजय, चन्द्रमोहन उपसध्याय, रामगोपाल कनोजिया, दिनेशकान्त पाण्डेय, दशरथ लाल शर्मा, आर. जे. खींची, चम्पालाल जैन मौजूद रहे।

दो दिवसीय श्री गणेश महोत्सव 13 सितम्बर से, आनंदम संस्था ने श्री गणेशजी को दिया प्रथम निमंत्रण

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। दो दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर आनंदम संस्था टोंक के पदाधिकारियों ने बुधवार को पूजा अर्चना करके भगवान श्रीगणेश जी को निमंत्रण देकर जन्मोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रार्थना की। संस्था के राजेश मुमिया ने बताया कि संस्था की आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रभु बाड़ोलिया के नेतृत्व में एवं पंडित सुरेश दुबे के सानिध्य में भगवान श्री गणेश जी की पूजा करके विधि विधान के साथ गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। जिस दौरान दौरान आनंदम संस्था के अध्यक्ष भगवानदास गुर्जर, रमेश सर्राफ, मोती पहाडि ?ा, कवि प्रदीप पवार, राम चरण साहू, पोखर सैनी, रवि शर्मा, राजाराम यादव, श्याम बाबू नामा, सत्यनारायण नामा, सूरज नामा, शैतान सैनी, सत्यनारायण, बीएल वर्मा, श्याम साहू, रामकिशन यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, किशन यादव, प्रभु यादव, सूरज सेन, भूरे गुर्जर आदि मौजूद थे। मुमिया ने बताया कि 13 सितंबर को प्रख्यात भजन गायक कलाकारों द्वारा रात्रि जागरण एवं 14 सितंबर को श्रीगणेश मंदिर में छप्पन भोग एवं सिंजारा झांकी के दर्शन सहित रंगमंच पर प्रसिद्ध कच्ची घोड़ी नृत्य कलाकार द्वारा कच्ची घोड़ी नृत्य का प्रदर्शन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म परायण श्रद्धालुओ से सभी कार्यक्रमो में भाग लेने का आग्रह किया है।

सेवा कार्यों के लिए जॉन-20 ए पावटा के इंचार्ज वेद बनवारी लाल निरंकारी कलेक्टर से सम्मानित

सीमा सन्देश संवाददाता

पावटा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोटपूतली के राजकीय एलबीएस पी.जी. कॉलेज परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संत निरंकारी मिशन जॉन-20 ए पावटा के जोनल इंचार्ज वेद बनवारी लाल निरंकारी को समाजसेवा एवं सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में जिला कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, मार्च पास्ट तथा विद्यार्थियों की देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के बाद जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संत निरंकारी मिशन के माध्यम से किए जा रहे मानव सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं जनकल्याणकारी सेवा कार्यों के लिए वेद बनवारी लाल निरंकारी को सम्मान मिला। वेद बनवारी लाल निरंकारी के मार्गदर्शन में संत निरंकारी मिशन से जुड़े सेवादारों द्वारा समय-समय पर स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, मानव सेवा तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों में सहभागिता की जाती रही है। उनके सेवा कार्यों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने पर पावटा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सम्मान को उन्होंने संत निरंकारी मिशन से जुड़े सभी सेवादारों और सेवा भाव से कार्य करने वाले सहयोगियों की सामूहिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि मिशन का उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और सेवा की भावना को मजबूत करना है तथा भविष्य में भी जनहित से जुड़े सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। वेद बनवारी लाल निरंकारी को मिले इस सम्मान को संत निरंकारी मिशन के सेवा कार्यों के लिए पावटा क्षेत्र का गौरवपूर्ण सम्मान माना जा रहा है।

श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाकर निर्वाण लड्डू चढ़ाया

सीमा सन्देश संवाददाता

मालपुरा। सावन सुदी अष्टमी पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर देवाधिदेव श्री 1008 श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाकर निर्वाण लडडू बडे धूमधाम से चढाया गया। जैन प्रवक्ता विमल जैन कठमाना ने बताया राधेश्याम जैन धाबडधीगा, विमल जैन डेठानी, कमल जैन डेठानी, कपुर जैन कालेडा, सुरेन्द्र सोनी, प्रदीप कासलीवाल, घासी गनवरिया, राजु पराना, पदम जी ठेगया, जुगल टोरडी, विनोद नेता, सुनील रांटा, अशोक कासलीवाल, सुनील जैन, राजु डेठानी, अमर ठेगया, विमल कठमाना, कमल जैन रुपाहेली, पंकज टोरडी, निर्मल टोरडी, हर्षित चादसेन , शान्ति लाल चांदसेन, पुखराज चादसेन, एड. पीयूष जैन, एड. अनीष जैन, मोनु नासीरदा, अकलंक मेहरू, ओम ढीबरू, मनीष जैन लावा, प्रदीप सोगानी महिलाओ ने निर्वाण काड बोलकर लडडू चढाया धूमधाम से श्री 1008 श्री पारसनाथ भगवान का अभिषेक व शान्ति धारा कर आरती करके निर्वाण कांड का पाठ कर निर्वाण लडडू चढाया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PWD DN.I PRATAPGARH
Email: eepwd1prt@gmail.com
No.326 Date:-12-08-2026

Notice Inviting Bid No. 07 / 2026-27
NIB code:- PWD2627A2302

Bids for 1 works of road works are invited from interested bidders upto 6:00PM of 24 / 08 / 2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the Rajasthan state; and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 130.36 lakhs. UBNNo. 1. PWD2627WSOE10248

- (Suresh Chandra Meena) Executive Engineer, PWD Dn.I Pratapgarh
DIPR/C/15266/2026

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 501, सल्कन औरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025 CIN: U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा विभिन्न माँगों और नोटिसों (व्यक्तिगत नोटिसों सहित) के बावजूद उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन का भुगतान/समायोजन नहीं किया गया है। सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और उसी अनुसार नीलामी का समय संबंधित शाखा परिसर (जहाँ से ऋण लिया गया था) में सुबह 11:00 बजे तय किया गया है। ऋणधारकों, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथि: 29-08-2026 को सुबह 11:00 बजे

क्र. सं.	शाखा	खाता संख्या	खाताधारक का नाम
1	इंदिरापुरम	101942527016	मनीषा

बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

डीएसटी की साइबर ठगी के खिलाफ प्रभवी कार्यवाही: 7 साइबर ठगों को दबोचा

एनसीआर पोर्टल पर आरोपियों के विरुद्ध 45 ऑनलाइन शिकायत दर्ज

सीमा सन्देश संवाददाता

टोंक। जिले की विशेष पुलिस टीम (डीएसटी) ने साइबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुये करते हुए सात आरोपियों को डिटेन करके दो थाना क्षेत्र में कुल तीन प्रकरण दर्ज किए गए। दबोचे गये इन ठगो से करीबन 30 लाख रुपए की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है। डीएसटी टीम टोंक द्वारा निवाई में कुल 6 साइबर अपराधी जिनके खिलाफ दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज तथा सदर टोंक थाना क्षेत्र में एक साइबर अपराधी के विरुद्ध एक प्रकरण दर्ज किया जाकर कुल 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्त में लिया गया। आरोपियों से 11 मोबाइल, बैंक पासबुके, एटीएम कार्ड, चेक बुक आदि जप्त किया है। सातों आरोपी गणों द्वारा जांच में अपने मोबाइल से कुल 205 फर्जी सीम का प्रयोग करना पाया गया। एनसीआर पोर्टल पर आरोपियों के विरुद्ध 45 ऑनलाइन शिकायत दर्ज होना पाया गया। आरोपीगंण अपने मोबाइल से फर्जी फोन पे ऐप व फर्जी इन्वेस्टमेंट लिंक के माध्यम से व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से आम जनता को मोटी रकम दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी का काम पिछले 4 वर्षों से कर रहे थे।

यह साईबर ठग पकड़े

निवाई थाने में दर्ज प्रकरण में दिलखुश पुत्र रामकिशन कीर (22) निवासी नटवाडा बरोनी, विनोद पुत्र कमलेश प्रजापत (21) निवासी मण्डावर, खुशीराम पुत्र भरत लाल मीना (22) निवासी सवाई सागर चौथ का बरवाडा, साँवर मल उर्फ साँवरा पुत्र गन्ना जाट (25) निवासी संग्रामपुरा बनेठा, रामसिंह पुत्र भवरलाल गुर्जर (25) निवासी थडोली बौली, राकेश पुत्र रामफूल गुर्जर (24) निवासी सारसोप तथा सदर टोंक में आशीष पुत्र कमलेश मीणा (22) निवासी सुर्या तालपुरा मेहन्दवास को पकड़ा है।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. नगर खण्ड-तृतीय, जयपुर
क्रमांक :- 3846 दिनांक :- 18.08.2026

अल्पकालीन ई-निविदा संशोधन

इस कार्यालय के जारी संशोधन क्रमांक 3725 दिनांक 16.08.2026 के द्वारा जारी अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 27 / 2026-27 में अंकित कार्यों की शर्तों में निम्न संशोधन पढ़ा जावे।

NIT S.No	UBN No.	NIT S.No	UBN No.
1	PWD2627WSOB10559	2	PWD2627WSOB10560

बिन्दु संख्या	पूर्व में अंकित विवरण	संशोधित विवरण
बिन्दु संख्या 1	बोलीदाता / फर्म को विगत 5 वर्षों का (वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) में किसी भी एक वर्ष में वार्षिक टर्न ओवर निविदा राशि के बराबर या अधिक होना आवश्यक है साथ ही सीए से प्रमाणित पत्र की प्रति मय यूडीआई नम्बर सहित संलग्न करनी होगी।	बोलीदाता / फर्म को विगत 5 वर्षों का (वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) में किसी भी एक वर्ष में वार्षिक टर्न ओवर निविदा राशि के बराबर या अधिक होना आवश्यक है साथ ही सीए से प्रमाणित पत्र की प्रति मय यूडीआई नम्बर सहित संलग्न करनी होगी।
बिन्दु संख्या 2	गत 5 वर्षों का (वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) में सार्वजनिक निर्माण विभाग में किसी गये समान प्रकार के कार्य का 50 प्रतिशत राशि का एकल कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र और प्रमाणीकरण हेतु कार्यादेश एवं कार्य के संतोषजनक होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।	गत 5 वर्षों का (वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) में किसी सरकारी विभाग / अर्द्धसरकारी विभाग / बोर्ड / निगम / स्वायत्तशासी संस्था में किसी गये समान प्रकार के कार्य का 50 प्रतिशत राशि का एकल कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र और प्रमाणीकरण हेतु कार्यादेश एवं कार्य के संतोषजनक होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
(लोकेश गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर
DIPR/C/15356/2026